www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-196 सागवाड़ा, गुरुवार, 24 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# गरीबो का राशन डकार गए थे सरकारी कार्मिक

## 942 कार्मिकों अब राशि चुकाने में आ रहा जोर, एफआईआर की तैयारी में रसद विभाग

**डूंगरपुर।** जिले में गरीब बनकर खाद्य सुरक्षा योजना में फर्जी तरीके से राशन उठाने के मामले में अभी तक 942 सरकारी कार्मिको ने सरकार के खाते में उठाये गए राशन की राशी जमा नहीं करवाई है। इधर बार-बार कहने के बाद भी राशि जमा नहीं करवाने पर रसद विभाग ऐसे सरकारी कार्मिक के खिलाफ मुकदमा करवाने की तैयारी शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिला रसद अधिकारी रामचंद्र सेरावत ने बताया की डूंगरपुर जिले में 3622 सरकारी कर्मचारियों ने गरीब बन कर फर्जी तरीके से राशन उठाया लिया था । ऑनलाइन हुए डाटा से गड़बड़ी पकड में आने के बाद रसद विभाग ने जिले में सरकार की ओर से निर्धारित 27 रुपए प्रति किलो गेहूं के हिसाब से 2642 सरकारी कर्मचारियों से कुल 3 करोड़ 42 लाख 32 हजार 12 रुपए वसूल कर राजकोष में जमा करा दिए है। लेकिन अभी भी 942 सरकारी कर्मचारी ऐसे है जिनको एसडीएम के माध्यम से उठाए गए राशन की राशि जमा करवाने के



कई बार निर्देश दिए जा चुके है। लेकिन इन कर्मचारियों ने अभी तक उक्त राशि राजकोष में जमा नहीं करवाई है।

वही सेरावत ने बताया की इधर कई बार निर्देश के बाद भी 942 सरकारी कार्मिको द्वारा राशि नहीं जमा करवाने पर रसद विभाग ने इन सभी कार्मिको को इस मार्च माह के अंत तक आखरी बार और मौका देते हुए उनके द्वारा उठाये गए राशन की 27 रुपए किलो के हिसाब बनने वाली राशि राजकोष में जमा करवाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों के विभागाध्यक्ष को भी पत्र लिखा गया है की वसूली करने में मदद करे। जिला रसद अधिकारी सेरावत ने बताया की अगर सरकारी कर्मचारी बाज नही आए और गरीब का राशन डकारने की भरपाई की राशि को मार्च 2022 के अंत तक जमा नहीं करवाते है तो कार्मिक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी प्रकरण भी दर्ज करवाया जाएगा।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया शीतला सप्तमी का पर्व

## परिवार के आरोग्य एवं सुख समृद्धि की कामनाओं के साथ महिलाओं ने की मां शीतला की विधि विधान से पूजा

**डूंगरपुर।** जिले भर में शीतला सप्तमी का पर्व गुरुवार को परंपरागत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने परिवार के आरोग्य एवं सुख समृद्धि की कामनाओं के मां शीतला की विधि विधान से पूजा की। वही शीतला सप्तमी पर घरों में आज चूल्हा नहीं जला। लोगो ने कल बने बासी व्यंजनों का सेवन किया। सुबह शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने नवीन परिधान धारण कर पूजा की थाली सजाई और विभिन्न मंदिरों में पहुंच कर मां शीतला की विधि विधान से पूजा की। महिलाओं ने कल बनाए हुए व्यंजन यथा दही चावल से बना ओलिया, पूड़ी, पकौड़ी, हलवा आदि से मां को भोग लगाया और कथा श्रवण कर अपने परिवार उत्तम स्वास्थ्य की मां शीतला से मंगल कामना की। शहर में नवा महादेव, शास्त्री कॉलोनी सहित विभिन्न मन्दिरों




पर आज अलसुबह से ही मां शीतला के पूजन हेतु महिलाओं के आने का क्रम शुरू हो गया, जहाँ महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ शीतला माता का पूजन किया।

पूजन कर रही महिलाओं ने बताया कि शीतला माता आरोग्य प्रदान करने वाली देवी है। शीतला माता लाल वस्त्र धारण करने वाली चार भुजाओं वाली माता है जो अपने हाथों में नीम के पत्ते, कलश, सूप और झाड़ू धारण करती है और गर्दन पर सवार होती है। मां शीतला के हाथों में नीम के पत्ते, कलश, सूप और झाड़ू स्वच्छता के प्रतीक है। महिलाओं ने बताया कि मां शीतला की कृपा से उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। छोटे बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए शीतला सप्तमी का व्रत रखा जाता है और पूजा की जाती है। गौरतलब है कि होली के बाद से मौसम में होने वाले बदलावों के प्रति लोगों को जागरूक करने में भी शीतला सप्तमी के पर्व को महत्वपूर्ण माना गया है। स्कंदपुराण के अनुसार, ब्रम्हाजी ने शीतला माता को सृष्टि को आरोग्य रखने की जिम्मेदारी दी है। गर्मी और अन्य रोगों से मुक्ति के लिए शीतला माता की पूजा की जाती है।

# रमती परमार बनी आरा पंचायत की सरपंच



**सागवाड़ा।** ग्राम पंचायत आरा के पूर्व सरपंच भूरी डामोर की मृत्यु होने से सरपंच पद रिक्त किया गया था। जिसके तहत सरपंच पद का मनोनयन किया जाना था। गुरुवार को ग्राम पंचायत आरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में कोरम की बैठक बुलायी गयी। जिसमें सरपंच मनोनयन की प्रक्रिया के बारे में सहायक विकास अधिकारी हेमन्त भावसार, जितेन्द्र सुथार और उमेश रावल की ओर से जानकारी दी गई। सभी वार्डपंचों को आपस में विचार-विमर्श करने समय दिया गया। ग्राम पंचायत आरा में सरपंच पद अनुसूचित जनजाति महिला पद आरक्षित होने से उक्त श्रेणी में दो वार्डपंच महिलाओं में सरपंच पद के मनोनयन, प्रस्तावक एवं समर्थक के हस्ताक्षर के साथ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। कोरम में एक मत न होने से दोनों का गुप्त मतदान द्वारा मनोनयन सम्पन्न करवाया गया। जिसमें रमती परमार को 5 मत एवं पुष्पा डामोर को 4 मत मिले। रमती परमार को 5 मत मिलने से सरपंच बनाया गया। हेमन्त भावसार ने मनोनित सरपंच रमती परमार को सरपंच पद की शपथ दिलायी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप पंचोरी भी मौजूद थे।

# जेठाना मार्ग पर होटल के सामने गली में मिले शव के मामले का खुलासा, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**सागवाड़ा।** जेठाना मार्ग पर होटल के सामने गली में मिले शव मिलने के मामले का खुलासा करते हुए गुरुवार को सागवाड़ा पुलिस ने करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सीआई सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि गत 18 फरवरी की शाम को जेठाना मार्ग पर होटल के सामने गली में एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर देखा तो सिर में हल्की चोट और लाश मिट्टी से सनी हुई थी। मृतक की शिनाख्त जेठाना निवासी राजु पुत्र राजेग मसार के रूप में हुई। मृतक के भाई गवरा पुत्र राजेंग मसार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई राजु सुबह करीब 9 बजे घर से काम पर निकलना था। दोपहर करीब 3 बजे सागवाडा जेठाना मार्ग पर होटल के सामने उसकी संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने की सुचना मिली थी। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मृतक राजु का पोस्ट मार्टम करा कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दी थी। सीआई सुरेन्द्र सोलंकी द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मुखबीरों से संपर्क करने पर राजु की मौत नही होकर हत्या होना प्रतित हुआ।एसपी सुधीर जोशी, डीएसपी नरपत सिंह, एएसपी अनिल मीणा के सुरविजन मे थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व मे हेड कांस्टेबल हरि सिंह, भुपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल भीमराज, सागर की टीम का गठन कर घटना का शीघ्र खुलासा करने बाबत निर्देश दिये थे। जांच से हत्या का मामला पाया जाने से हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध किया ।मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी उसके सिर में चोटे आना पाया गया। टीम द्वारा गोपनीय रूप से मुखबीरो से संपर्क कर मालुमात किया तो पता चला कि मृतक की लाश मिलने से कुछ समय पहले वही पर जेठाना निवासी लक्ष्मण उर्फ लसु पुत्र नाना डोडियार ने मृतक राजु के साथ मारपीट की थी। जिससे मारपीट से सिर में चोटे आने से राजु की मौत हो गयी थी ।घटना के बाद से लक्ष्मण उर्फ लसु पिता नाना डोडियार की गतिविधिया संदिग्ध होना पाया जाने से टीम द्वारा लक्ष्मण उर्फ लसु डोडियार की सरगर्मी से तलाश शुरू की एवं मुखबिरों से सम्पर्क किया गया ।

# पाली में जितेन्द्र मेघवाल की हत्या के विरोध में डूंगरपुर में प्रदर्शन

## डॉ भीमराव अंबेडकर युवा संगठन ने कलेक्टर को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

**डूंगरपुर।** प्रदेश के पाली जिले में जितेन्द्र मेघवाल हत्याकाण्ड के विरोध में डूंगरपुर जिले के डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन मेघवाल समाज की ओर से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। वही संगठन ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन मेघवाल समाज ने दोषियों के खिलाफ सख्त करवाई व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की है। डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन मेघवाल समाज डूंगरपुर जिला अध्यक्ष सुखदेव यादव के नेतृत्व में समाज के युवा आज कलेक्ट्रेट पर



एकत्रित हुए। इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन मेघवाल समाज के युवाओं ने पाली में हुए जितेंद्र मेघवाल हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इधर इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष सुखदेव यादव ने कहा की 15 मार्च को पाली जिले की बाली तहसील के गाँव बरवा निवासी जितेन्द्र मेघवाल को जातिगत यातनाये देकर चाकू गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के विरोध में पाली सहित प्रदेश भर के सम्पूर्ण समाज में आक्रोश व्याप्त है। इधर प्रदर्शन के बाद डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन मेघवाल समाज के बेनर तले अध्यक्ष सुखदेव यादव, सुनील यादव, मोहनलाल यादव सहित अन्य युवाओं ने डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में संगठन ने हत्या के दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाने, पीड़ित के परिवार के भरण पोषण के लिए एक सदस्य को सरकारी नोकरी दिए जाने व पूरे परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाए जाने की मांग की गई है।

# युवती को डरा धमका कर दुष्कर्म का मामला दर्ज

## एसपी के आदेश पर बिछीवाडा थाना में दर्ज हुआ केस,17 मार्च की है घटना

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एसपी को दिए गए परिवाद के बाद एसपी के आदेश पर बिछीवाडा थाना पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 17 मार्च रात की बताई जा रही है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की युवती के साथ दुष्कर्म की घटना 17 मार्च की रात के समय की है। उन्होंने बताया की थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 साल की युवती अपनी बहन के साथ 17 मार्च को होली देखने गई थी। देर रात को दोनों बहनें पैदल-पैदल वापस घर जा रही थी। उसी समय अनिल पुत्र राकेश हड़ात रास्ते में दोनों बहिनों को मिला। इस दौरान राकेश हडात ने उसकी बहन के साथ गाली गलौच करते हुए भगा दिया। इस पर वह दौड़कर घर की तरफ भागी। इसके बाद आरोपी अनिल हडात युवती को डरा धमकाकर एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बहन ने घटना के बारे में परिवार के लोगों को बताया। इस पर उसके पिता समेत परिवार के लोग दौड़कर मौके पर आएं। लोगों को आते देख आरोपी अनिल मौके से फरार हो गया।

इधर युवती ने अपने माता पिता को आपबीती सुनाई। इस पर युवती अपने माता पिता के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और परिवार सौंपा। इधर एसपी ऑफिस ये परिवार बिछीवाडा थाने के लिए भेजा गया। बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की एसपी के आदेश पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। युवती के अब बयान दर्ज किए जाएंगे।

घटनास्थल की तस्दीक के साथ ही आरोपी अनिल को गिरफ्तार करने के भी प्रयास किए जा रहे है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सदस्यों की हुई बैठक, दशरथ खटीक बने अध्यक्ष

**सागवाड़ा।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समस्त सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से सदस्यों ने दशरथ खटीक को अध्यक्ष मनोनित किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष मोहन यादव, सचिव कांतिलाल यादव और मीडिया प्रभारी महेश वर्मा को बनाया गया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिनमे । महीने की अंतिम तारीख को बैठक रखने, विभिन्न त्योहार, उत्सव ओर सामाजिक गतिविधियों व कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वही बैठक में आगामी बैठके होली चौक पर करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मोहन यादव , यश सुथार, परेश पटेल , दशरथ खटीक, बंसीलाल गर्ग,



गोविंद पाटीदार, जगदीश यादव, संजय भोई, प्रकाश यादव, गोपाल, कुलदीप पटेल, सुरेश पांचाल, परमेश्वर सुथार, सविता यादव, गायत्री गर्ग, वीना, अंजना यादव सहित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कई सदस्य मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**सागवाड़ा।**

बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष लालशंकर पाटीदार और सचिव वीरेंद्र मीणा ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सलाह से बार एसोसिएशन सागवाड़ा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

# सीएचसी में अवधि पार दवाओं के साथ मिली कई अव्यवस्थाए

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने गामडी अहाडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अवधि पार दवाए मिलने के साथ कई अन्य अव्यवस्थाए मिली है। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए चिकित्साअधिकारी को फटकार लगाई साथ ही नोटिस जारी किये है।कलेक्टर शुभम चौधरी आज गामडी अहाडा तहसील क्षेत्र के दौरे पर रही। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर चौधरी ने गामडी अहाडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने सीएचसी गामड़ी अहाड़ा में हाजिरी रजिस्टर और मूवमेंट रजिस्टर को चेक किया ।इस दौरान जिला कलक्टर चौधरी ने हाजिरी रजिस्टर मेन्टेन नहीं होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एलएचयू रेहाना बानु, मेल नर्स-प्रथम कन्हैयालाल कोटेड अनुपस्थित मिले। जिस पर कलेक्टर चौधरी ने दोनों कार्मिको को नोटिस जारी किये। इधर कलेक्टर ने सीएचसी में साफ-सफाई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी के टॉयलेट सहित अन्य जगहों पर साफ़-सफाई नहीं मिली जिस पर कलेक्टर ने सीएचसी प्रभारी को टॉयलेट व वार्डो में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने सीएचसी में दवाईयों को देखा।

# वगड़वासियों को राहत- ज़ील अस्पताल में उदयपुर और गुजरात के विशेषज्ञ को परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा

## कल आज मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. चिराग सोलंकी और शनिवार बच्चों के हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. मौलिक पटेल परामर्श देंगे

**सागवाड़ा।** ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में शुरू हुए चिकित्सा शिविर में दूर दराज से ग्रामीण पहुंचे। बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, बिछीवाड़ा, सीमलवाड़ा क्षेत्र से पहुंचे रोगियों ने विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लिया। शुक्रवार को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. चिराग सोलंकी और शनिवार बच्चों के हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. मौलिक पटेल परामर्श देंगे। गुरुवार को ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में आयोजित विशेष चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में पेट, आंत और लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉ. राजन ढींगरा और डाईबिटिज, थायरॉइड और हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोना ढींगरा ने रोगियों को परामर्श दिया। थायरॉइड, महिलाओं में अनियमितता

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL
Advanced health-care, close to home

महावारी, नजर का कमजोर होना, बारबार पेशाब आना से परेशान और हड्डियों की कमजोरी परेशान मरीज बड़ी संख्या में ज़ील अस्पताल पहुंचे जिन्होंने विशेषज्ञ डॉ. मोना ढींगरा से परामर्श लिया। इसी तरह खाना निगलने में परेशानी, पेट में दर्द जलन व गैस, शराब से लीवर खराब और गहरे पीले रंग का मूत्र आना या दस्त से परेशान मरीजों विशेषज्ञ डॉ. राजन ढींगरा ने उपचार किया। ज़ील हॉस्पिटल सीओओ डॉ. टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि ज़ील अस्पताल में आगे भी उदयपुर एवं गुजरात के विशेषज्ञ को ज़ील हॉस्पिटल में परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वगड़वासियों को परामर्श और ईलाज के लिए बाहर जाकर परेशान ना होना पड़े, साथ ही राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है।अधिक जानकारी के लिए 9351230476 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।